**कार्यालय प्राचार्य, डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय**
**भिलाई–3 जिला दुर्ग –छ.ग.**

(Phone No 07826-255175 Email.id- Kcbbhilai@gmail.com)
Website – www.govtpgcollegebhilai.com Nacc Accredited B+ Institution

भिलाई –03 दिनांक – 28/11/2020

# //सूचना//

महाविद्यालय के स्नातक, एवं स्नातकोत्तर वार्षिक परीक्षा 2020 के परीक्षा परिणाम से असंतुष्ट/पूरक/अनुतीर्ण परीक्षार्थीयों को सूचित किया जाता है कि वे हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा जारी निम्नलिखित समय सारिणी के अनुसार परीक्षा में सम्मिलित होंवे ।

परीक्षा संबंधी निर्देशों का पालन करें संलग्न अधिसूचना का परिपालन करना सुनिश्चित करें ।

28.11.2020

**(डॉ. अमृता कस्तुरे)**
**प्रभारी प्राचार्य**
**डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय**
**भिलाई–3 जिला दुर्ग (छ.ग.)**

Website.

# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम– दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)

रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.).491001

ई मेल : registrar@durguniversity.ac.in वेब साइट : www.durguniversity.ac.in दूरभाष : 0788-2359100


क्र.1831/परीक्षा/विशेष/वार्षिक/2020 दुर्ग, दिनांक 27.11.2020

## //अधिसूचना//

अपर संचालक, उच्च शिक्षा संचालनालय, नवा रायपुर, अटलनगर (छ.ग.) के पत्र क्र. 842/293/आउशि/सम./2020 नवा रायपुर, दिनांक 03.11.2020 के तारतम्य में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर (वार्षिक) परीक्षा 2020 के परीक्षा परिणाम से असंतुष्ट/पूरक/अनुत्तीर्ण ऐसे परीक्षार्थी जिन्होंने "विशेष परीक्षा" में सम्मिलित होने हेतु परीक्षा आवेदन फार्म भरा है, उनके लिए "विशेष परीक्षा" का आयोजन **ऑनलाईन माध्यम से "ओपन बुक पद्धति" के माध्यम** से विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित समय–सारणी अनुसार उपरोक्त दिशा–निर्देशों के अंतर्गत आयोजित की जावेगी:–

| क्र. | पाठ्यक्रम का नाम | वर्ष | दिनांक |
|---|---|---|---|
| 01 | स्नातकोत्तर (वार्षिक) कक्षाओं के समस्त विषयों हेतु | **पूर्व एवं अंतिम वर्ष** के समस्त स्वाध्यायी परीक्षार्थियों हेतु | 10.12.2020 |
| 02 | बी.ए., बी.एससी., बी.एससी. (गृह विज्ञान) बी. कॉम., बी.सी.ए., बी.एससी.बी.एड. (04 वर्षीय पाठ्यक्रम) एवं बी.ए. बी.एड. (04 वर्षीय पाठ्यक्रम) | **भाग 03** के समस्त (नियमित/भूतपूर्व/स्वाध्यायी/पूरक) परीक्षार्थियों हेतु | 11.12.2020 |
| 03 | बी.ए., बी.एससी., बी.एससी. (गृह विज्ञान) बी. कॉम., बी.सी.ए., बी.एससी.बी.एड. (04 वर्षीय पाठ्यक्रम) एवं बी.ए. बी.एड. (04 वर्षीय पाठ्यक्रम) | **भाग 02** के समस्त (नियमित/भूतपूर्व/स्वाध्यायी/पूरक) परीक्षार्थियों हेतु | 12.12.2020 |
| 04 | बी.ए., बी.एससी., बी.एससी. (गृह विज्ञान) बी. कॉम., बी.लिब., बी.सी.ए., बी.एससी.बी.एड. (04 वर्षीय पाठ्यक्रम) एवं बी.ए. बी.एड. (04 वर्षीय पाठ्यक्रम) | **भाग 01** के समस्त (नियमित/भूतपूर्व/स्वाध्यायी/पूरक) परीक्षार्थियों हेतु | 13.12.2020 |
| 05 | उपरोक्त समस्त कक्षाओं के परीक्षार्थियों द्वारा हस्तलिखित उत्तरपुस्तिकाएं अपने जिले के अग्रणी महाविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि:– | | 17.12.2020 |

**परीक्षार्थियों हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश:–**

- समस्त कक्षाओं के प्रश्नपत्र निर्धारित तिथि अनुसार विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.durguniversity.ac.in पर अपलोड किए जायेंगे।
- कोविड–19 से उत्पन्न विषम परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए एवं शासन द्वारा जारी गाईडलाईन का पालन करते हुए परीक्षार्थी अपनी उत्तर पुस्तिकाएं **अग्रणी महाविद्यालयों** में जमा करेंगे। इस हेतु वे हेल्पलाईन नं. पर संपर्क कर दिशा–निर्देश प्राप्त कर सकते हैं।
- परीक्षार्थी, Internal की उत्तरपुस्तिकाओं को भी अपने जिले के **अग्रणी महाविद्यालय** में ही जमा करेंगे।
- ऐसे परीक्षार्थी जो आंतरिक मूल्यांकन में अनुत्तीर्ण हैं, उनके आंतरिक मूल्यांकन के प्रश्नपत्र भी विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड रहेंगे। डाउनलोड न हो पाने की स्थिति में वे महाविद्यालय से संपर्क कर प्राप्त कर सकते हैं।
- **ऐसे समस्त परीक्षार्थी जिन्होंने विशेष परीक्षा हेतु ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरा है, उन्हें "ओपन बुक" आधारित परीक्षा में सम्मिलित होना होगा।**

क्रमशः 02.....

➢ प्रायोगिक परीक्षा हेतु सभी अग्रणी महाविद्यालयों को चिन्हित किया गया है। अतः परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन अग्रणी महाविद्यालयों द्वारा होगा। कृपया ऐसे परीक्षार्थी जो प्रायोगिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण हैं वे अग्रणी महाविद्यालयों द्वारा जारी हेल्पलाईन पर संपर्क कर प्रायोगिक परीक्षा में शामिल होना सुनिश्चित करें।

**विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले अग्रणी महाविद्यालयों की सूची इस प्रकार है:–**

| क्र. | जिले का नाम | हेल्पलाईन नम्बर | अग्रणी महाविद्यालय का नाम (जहां प्रायोगिक/आंतरिक/ओपन बुक परीक्षा की हस्तलिखित उत्तरपुस्तिकाएं जमा की जावेगी।) |
|---|---|---|---|
| 01 | बालोद | 9425475858 एवं 9098045935 | शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालोद |
| 02 | बेमेतरा | 7000598979 एवं 9424216302 | शासकीय पं. जवाहर लाल नेहरू कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बेमेतरा। |
| 03 | दुर्ग | 9589346370 एवं 9907835996 | शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग |
| 04 | कबीरधाम | 9669408776 एवं 9827965195 | आचार्य पंथ श्री गृंधमुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कबीरधाम। |
| 05 | राजनांदगांव | 8817329005 एवं 9039209294 | शासकीय दिग्विजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव |

➢ परीक्षार्थी अपने प्रवेश पत्र से विषय का मिलान कर संबधित प्रश्न प्रत्र को ही हल करें।

➢ उत्तरपुस्तिका के लिए परीक्षार्थी कालेज कापी/सामान्य A-4 साईज पेज (स्टेपल्ड) का उपयोग कर सकते है। प्रत्येक प्रश्न पत्र के लिए अलग–अलग उत्तरपुस्तिका बनाना अनिवार्य होगा।

➢ परीक्षार्थी द्वारा उत्तरपुस्तिका के कवर पेज को विश्वविद्यालय के वेबसाईट से डाऊनलोड/प्रिंट कर उत्तरपुस्तिका के मुख्य पृष्ठ के रूप में उपयोग किया जावेगा।

➢ परीक्षार्थी अपनी उत्तरपुस्तिका अग्रणी महाविद्यालय में ही जमा करेंगे।

➢ परीक्षार्थियों को उत्तरपुस्तिका के साथ प्रवेश पत्र की एक प्रति जमा करना अनिवार्य है।

➢ उत्तरपुस्तिका स्व हस्तलिखित होने चाहिए। टाईप या फोटोकॉपी किए हुए उत्तर पुस्तिका स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

➢ कोविड–19 की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए परीक्षार्थी अपनी उत्तरपुस्तिकाएं डाक के माध्यम से भी संबंधित अग्रणी महाविद्यालय में निर्धारित तिथि तक जमा कर सकेंगे।

➢ उत्तरपुस्तिका जमा करने पर जमा की गई उत्तरपुस्तिका की पावती संबंधित अग्रणी महाविद्यालय द्वारा प्रदान की जावेगी।

➢ उत्तरपुस्तिका के प्रथम पृष्ठ का प्रारूप विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध है। जिसे डाउनलोड कर उत्तरपुस्तिका के प्रथम पृष्ठ के रूप में लगाना अनिवार्य है।

➢ परीक्षार्थियों को "विशेष परीक्षा" हेतु प्रवेश पत्र www.durgunniversity.ac.in से डाउनलोड करना अनिवार्य होगा।

➢ परीक्षार्थी अग्रणी महाविद्यालय से संपर्क न हो पाने की स्थिति में विश्वविद्यालय के हेल्पलाईन नं. 0788–2359300 पर संपर्क कर उत्तरपुस्तिकाएं विश्वविद्यालय में भी जमा कर सकते हैं।

क्रमशः 03.....

**अग्रणी महाविद्यालयों हेतु निर्देशः–**

- प्रायोगिक परीक्षा हेतु बाह्य परीक्षकों को अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्यों के द्वारा नियुक्त किया जा सकेगा।
- प्रायोगिक परीक्षा के देयकों का भुगतान विश्वविद्यालय के नियमानुसार किया जायेगा। कृपया प्राचार्य उक्त देयकों का सत्यापन कर विश्वविद्यालय को प्रेषित करेंगे।
- समस्त अग्रणी महाविद्यालय अपने अंतर्गत आने वाले समस्त महाविद्यालयों से प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों की सूची कक्षावार, विषयवार अनिवार्य रूप से मंगवा लेवें। ताकि उन विषयों के बाह्य परीक्षकों की नियुक्ति अग्रणी महाविद्यालय द्वारा की जा सके।
- प्रायोगिक परीक्षाओं के अंक अग्रणी महाविद्यालयों द्वारा ऑफलाईन पद्धति से विश्वविद्यालय को प्रेषित करना होगा।
- ओपन बुक आधारित परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाएं एवं आतंरिक परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाएं अग्रणी महाविद्यालयों के माध्यम से विश्वविद्यालय में जमा की जावेगी। उत्तरपुस्तिका संग्रहण हेतु विश्वविद्यालय द्वारा वाहन भेजा जायेगा।
- प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य, वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष होंगे तथा केन्द्राध्यक्षों के लिए परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु निम्नांकित निर्देश हैः–

| क्र. | परीक्षा केन्द्र के अधिकारी एवं कर्मचारी | छात्रसंख्या | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 1000 तक | 2000 तक | 2000 या अधिक |
| 1 | सहायक केन्द्राध्यक्ष | 01 | 02 | 03 |
| 2 | तृतीय वर्ग कर्मचारी (उत्तरपुस्तिका संग्रहण हेतु) | 01 | 02 | 03 |
| 3 | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी | 01 | 02 | 03 |

वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष हेतु 300 रूपये प्रतिदिन, सहायक केन्द्राध्यक्ष हेतु 150 रूपये प्रतिदिन, तृतीय वर्ग कर्मचारी हेतु 100 रूपये प्रतिदिन तथा चतुर्थ वर्ग कर्मचारी के लिए 60 रूपये प्रतिदिन पारिश्रमिक देय होगा। किसी भी स्थिति में परीक्षा के संचालन के लिए सेमेस्टर/वार्षिक दोनों विशेष परीक्षा हेतु 15 दिन से अधिक के पारिश्रमिक की पात्रता नहीं होगी।

**किसी भी प्रकार की असुविधा की स्थिति में विश्वविद्यालय के हेल्पलाईन नं. 0788–2359300 पर संपर्क किया जा सकता है।**

**कुलसचिव**
**हेमचंद यादव विश्वविद्यालय**

पृ.क.1832/परीक्षा/विशेष/वार्षिक/2020 दुर्ग, दिनांक 27.11.2020

प्रतिलिपिः–

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदया के प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़।
2. सचिव, उच्च शिक्षा, छत्तीसगढ़ शासन, महानदी भवन, मंत्रालय, नवा रायपुर।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, ब्लॉक–सी–30, द्वितीय/तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर।
4. अधिष्ठाता छात्र कल्याण/वित्त अधिकारी/उ.कु.स. परीक्षा/अकादमिक/गोपनीय एवं संबंधित प्रवेश कार्य सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
5. प्राचार्य, संबद्ध समस्त महाविद्यालय, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग।
6. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग।
7. संपादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र/पत्रिकाएं दुर्ग/बेमेतरा/राजनांदगांव/कबीरधाम/बालोद को इस निवेदन के साथ कि कृपया अपने लोकप्रिय समाचार पत्रों के आगामी अंक में छात्रहित को ध्यान में रखते हुए समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

**कुलसचिव**
**हेमचंद यादव विश्वविद्यालय**

- **कोरोना वायरस (COVID-19) से बचने के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा दिये जा रहे दिशा–निर्देशों का पालन करें।**
- **कोरोना वायरस से खुद बचें तथा औरों को बचाएं।**